# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/5690
दिनांक : 13.01.2022

## विज्ञप्ति

एल0एल0बी0 (3 वर्षीय) पाठ्यक्रम के वह अनुत्तीर्ण छात्र जो छः (06) वर्ष कालबाधित हैं, को एक अन्तिम अवसर प्रदान कर उपाधि पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.09.2021 के मद संख्या–2 में निर्णय लिया गया है।

अतः छः (06) वर्ष तक कालबाधित एल0एल0बी0 (3 वर्षीय) वार्षिक परीक्षा प्रणाली के छात्रों को उपाधि पूर्ण करने का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए अंकन रू0 10,000/– कालबाधित शुल्क के साथ भरकर निम्न तिथियों के अनुसार परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर भरवाए जाने हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि | **15.01.2022** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **20.01.2022** |
| 03. | समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | **22.01.2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा सत्यापित करने के पश्चात परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **25.01.2022** |

महत्त्वपूर्ण निर्देश :–

1. **समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों/प्रवेश नियमावली/विषय कोड पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।**
2. **विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो वर्षों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा। अन्यथा की स्थिति में छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।**
3. **उक्त परीक्षा हेतु छात्रों को मात्र एक अवसर ही प्रदान किया जायेगा। इसके पश्चात किसी भूतपूर्व छात्र/बैक पेपर हेतु अर्हता नहीं होगी।**
4. **छः (06) वर्ष से अधिक कालबाधित छात्र/छात्रा उक्त परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं। अर्थात 2010 से पूर्व प्रविष्ट छात्र इस परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं।**

13/01/22

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि छात्र सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि **वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत पूर्व में संचालित एल0एल0बी0 (3 वर्षीय) पाठ्यक्रम** के उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि यह विज्ञप्ति छात्र/छात्रा को परीक्षा फार्म भरने के साथ ही उपलब्ध हों।

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**